कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
Employees' State Insurance Corporation
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
ESIC

मुख्यालय Headquarters
पंचदीप भवन, सी.आई.जी.मार्ग, नई दिल्ली-110002
Panchdeep Bhawan, CIG Marg, N. Delhi-110002
वेबसाइट:www.esic.nic.in / www.esic.in
ईमेल: rajbhasha-hq@esic.nic.in

संख्या : ए-49/16/2/2021-रा.भा. दिनांक: 08-01-2026

सेवा में

1. बीमा आयुक्त, राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी, द्वारका, नई दिल्ली।
2. अपर आयुक्त एवं क्षेत्रीय निदेशक/निदेशक/प्रभारी संयुक्त निदेशक/प्रभारी उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय/उप क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम।
3. चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी.निगम अस्पताल/क.रा.बी.निगम आदर्श अस्पताल।
4. संकायाध्यक्ष, क.रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय/दंत्य महाविद्यालय/नर्सिंग महाविद्यालय, स्नाकोतर आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान।
5. निदेशालय (चिकित्सा) दिल्ली/नोएडा/के.के.नगर।

विषय : कर्मचारी राज्य बीमा निगम - हिंदी प्रयोग प्रोत्साहन योजना – वर्ष 2025

महोदय/महोदया

निगम में कर्मचारी राज्य बीमा निगम - हिंदी प्रयोग प्रोत्साहन योजना जनवरी, 1985 से लागू है। यह प्रत्येक वर्ष **01 जनवरी से 31 दिसंबर** तक की अवधि के लिए होती है। इस योजना में **1200/- रुपये** का पुरस्कार प्रदान किया जाता है। वर्ष 2025 के दौरान जिन अधिकारियों/कर्मचारियों ने निर्धारित प्रतिशतता (राजभाषा क्षेत्र – 'क', 'ख' तथा 'ग' में स्थित कार्यालयों में कार्यरत्त कार्मिकों के लिए क्रमश: 100, 75 तथा 50 प्रतिशत) में अपना सरकारी कामकाज हिंदी में किया है, उनसे निम्नलिखित प्रपत्र में प्रविष्टियां आमंत्रित की जाएं :-

कर्मचारी राज्य बीमा निगम - हिंदी प्रयोग प्रोत्साहन योजना के लिए प्रविष्टि प्रपत्र

अधिकारी/कर्मचारी का नाम व पदनाम :
अधिकारी/कर्मचारी संख्या :
अधिकारी/कर्मचारी का मोबाइल नं. एवं ई-मेल पता :
शाखा का नाम (वीओआइपी संख्या सहित) :
(1 जनवरी से 31 दिसंबर, 2025 तक तैनाती विवरण):

अधिकारी/कर्मचारी द्वारा घोषणा-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि वर्ष 2025 के दौरान मैंने टिप्पण/आलेखन में निर्धारित प्रतिशतता, अर्थात-........ प्रतिशत या इससे अधिक, अपना कार्यालयीन कार्य हिंदी में किया है। इस अवधि में मैंने न तो मात्र टंकण/प्राप्ति-प्रेषण का कार्य किया है और न ही मैं राजभाषा शाखा में तैनात था/थी।

दिनांक : आवेदक के हस्ताक्षर

नियंत्रक/ रिपोर्टिंग अधिकारी के मुहर सहित प्रति हस्ताक्षर

आमंत्रित प्रविष्टियों पर कार्यालय में यथानिर्धारित प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर कार्यालय अध्यक्ष की सहमति के उपरांत जारी पुरस्कृत कार्मिकों की सूची निगम मुख्यालय को निश्चित रूप से **दिनांक 30 अप्रैल, 2026** तक भिजवा दें। कृपया इस प्रोत्साहन/पुरस्कार योजना का व्यापक प्रचार करें ताकि वर्ष 2026 में अधिकाधिक अधिकारी और कर्मचारी इस योजना के माध्यम से राजभाषा हिंदी के प्रयोग/प्रसार से जुड़ सकें।

भवदीय

Digitally signed by
Sham Sunder Kathuria
Date: 08-01-2026
18:12:55

(श्याम सुंदर कथूरिया)
निदेशक (राजभाषा)

प्रतिलिपि :

वेबसाइट सामग्री प्रबंधक को इसे क.रा.बी.निगम की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित प्रेषित।

निदेशक (राजभाषा)